निबंधन संख्या पी0टी0-40

# बिहार गजट

## असाधारण अंक

## बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

**27 आषाढ़ 1941 (श0)**

**(सं0 पटना 828) पटना, वृहस्पतिवार, 18 जुलाई 2019**

**नगर विकास एवं आवास विभाग**

---

**अधिसूचना**

**17 जुलाई 2019**

**नगर परिषद लखीसराय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपविधि, 2019**

सं0 03/SBM-01-21/2019-1906—चूँकि पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने ठोस अपशिष्ट के उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए पर्यावरण (सुरक्षा) अधिनियम, 1986 के अधीन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली, 2016 के नियम 15 के खंड (e) (f) एवं (zf) द्वारा यथा अधिदेशित उक्त नियमावली के प्रावधानों को निगमित करते हुए स्थानीय निकाय को उपविधि बनानी है और

चूँकि बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 421 इस अधिनियम के प्रयोजनों को क्रियान्वित करने हेतु उसे अधिनियम के अधीन कोई विनियम बनाने हेतु नगरपालिकाओं को सशक्त करता है, और

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली, 2016 के क्रियान्वयन में मानकीकरण लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा बिहार नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपविधि, 2019 का मॉडल अधिसूचना संख्या–685 दिनांक 05.03.2019 द्वारा अधिसूचित किया गया है।

**नगर परिषद लखीसराय** के **बोर्ड** की बैठक की प्रस्ताव संख्या–01, दिनांक 15.04.2019 द्वारा उपविधि के उक्त मॉडल को बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा–422 की उपधारा (क), (ख) एवं (ग) के प्रावधानों का अनुपालन करते हुए पारित की गयी है।

अतएव बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा–423 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **नगर परिषद लखीसराय** के प्रस्ताव संख्या–01, दिनांक 15.04.2019 द्वारा पारित उपविधि को एतद् द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

यह शासकीय गजट में प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावी होगा।

## अध्याय–I
## सामान्य

**1. संक्षिप्त नाम और आरंभ–**

(1) यह उपविधि **नगर परिषद लखीसराय** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपविधि, 2019 कही जा सकेगी।

(2) यह शासकीय गजट में प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावी होगा।

**2. लागू होना–** यह उपविधि **नगर परिषद लखीसराय** की अधिकारिता के भीतर प्राप्त औधोगिक टाउनशीप, रेलवे, ऐयरपोर्ट, एयरबेस, पोर्ट, हार्बर, विशेष आर्थिक जोन, राज्य और केन्द्रीय सरकार के संगठनों, प्रत्येक आवासीय, संस्थानिक वाणिज्यिक क्षेत्रों और तीर्थ, धार्मिक तथा ऐतिहासिक महत्व के स्थानों के किसी गैर आवसीय ठोस अपशिष्ट उत्पादकों पर लागू होगी।

**3. परिभाषाएँ–** इस उपविधि में, जबतक संदर्भ में अन्यथा उपेक्षित न हो–

*(i)* ''अधिनियम'' से अभिप्रेत है बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 (समय–समय पर यथा संशोधित);

*(ii)* ''उपविधि'' से अभिप्रेत है अपनी अधिकारिता में प्रभावी रूप से इस उपविधि के कियान्वयन को सुगम बनाने के लिए स्थानीय निकाय, सेन्सस टाउन तथा अधिसूचित क्षेत्र टाउनशीप द्वारा अधिसूचित विनियामक कार्यसंरचना ;

*(iii)* ''ऐरोबिक कंपोस्टिंग'' से अभिप्रेत है नियंत्रित प्रकिया जिसमें ऑक्सिजन के अभाव में सामग्री का माइक्रोबायल अपधटन (डिकम्योजिशन) में हो;

*(iv)* ''एनऐरोबिक डाईजेशन'' से अभिप्रेत है एक नियंत्रित प्रक्रिया, जिसमें ऑक्सिजन की अनुपस्थिति में जैव सामग्री (ऑर्गेनिक मैटर) का माइक्रो बॉयल अपघटन अंतर्गत करती हो;

*(v)* ''बायोडिग्रेडेबुल सामग्री'' से अभिप्रेत है वह सामग्री जो सूक्ष्म जैव (माइक्रोआर्गेनिज्म) द्वारा कम की जा सके ;

*(vi)* ''जैव चिकित्सा अपशिष्ट'' से अभिप्रेत है हॉस्पीटल, नर्सिगहोम, डिस्पेंसरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, पैथोलोजिकल लेब्रोटरिज के सिरिंज, शरीर–अंग, चर्म, रक्त से भींगा कॉटन और कपड़े इत्यादि;

*(vii)* ''बायोमेथानेशन'' से अभिप्रेत है, वह प्रकिया जो माइक्रोबायल क्रिया द्वारा मेथॉन भरा बायोगैस उत्पादन के लिए जैव सामग्री का इंजायमेटिक अपघटन होता है;

*(viii)* ''थोक अपशिष्ट उत्पादक'' से अभिप्रेत है और इसमें शामिल है– (i) केन्द्रीय सरकारी विभाग या उपक्रम, राज्य के सरकारी विभाग या उपक्रम, स्थानीय निकाय, लोक सेक्टर उपक्रम, या प्राईवेट कंपनी, हॉस्पीटल, नसिंगहोम, स्कूल, कॉलेज, विश्वविधालय, अन्य शिक्षण संस्थान, हॉस्टल, होटल, वाणिज्यिक स्थापना, बाजार, पूजास्थल, स्पोर्ट्स कम्पलेक्स जिनका औसतन अपशिष्ट उत्पादन दर 100 कि0 ग्रा0 प्रतिदिन है; (ii) सभी आवासी कल्याण एवं बाजार संगठन, सभी 5000 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रवाला फाटकदार सामुदायिक भवन एंव संस्था और औसतन 100 कि0 ग्रा0 या अधिक ठोस अपशिष्ट प्रतिदिन उत्पन्न करने वाले सभी होटल और रेस्टरा ;

*(ix)* ''संग्रहण'' से अभिप्रेत है ठोस उद्‌गम बिंदु से और किसी अन्य स्थान से ठोस अपशिष्ट उठाना और हटाना ;

*(x)* ''दहनशील अपशिष्ट'' से अभिप्रेत है नन–बायोग्रेडबुल, नन–रिसाईलिकेबुल, नन–यूजेबुल, नन–हैजार्डस 1500 के कैलोरी प्रति कि.ग्रा. से अधिक कैलोरी वैल्यूवाला ठोस अपशिष्ट और इसमें क्लोरिनेटेड मैटोरिल, जैसे प्लास्टिक वुडपल्प आदि शामिल नहीं है।

*(xi)* ''कम्पोस्टिंग'' से अभिप्रेत है नियंत्रित प्रकिया जिसमें जैव सामग्रियों की माइक्रोबायल डिग्रेडेशन अंतर्गत है ;

*(xii)* ''अनुदान ग्रही'' से अभिप्रेत कोई व्यक्ति जो ठोस अपशिष्ट के संग्रहरण, पृथक्करण, सेकेन्डरी स्टोरेज, परिवहन, प्रोसेसिंग तथा निपटाव के लिए कार्य करता या कार्य प्रचालित करता हो और उसमें प्राधिकार द्वारा अपने संबंधित क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन और कार्य करने के लिए नियुक्त कोई अन्य ऐजेंसी ;

*(xiii)* ''निर्माण और विध्वंस ठोस'' से अभिप्रेत है निर्माण, रिमोडलिंग, मरम्मती और विध्वंस प्रचालन के परिणामस्वरूप भवन सामग्री, मलवा तथा रूबल से अपशिष्ट;

*(xiv)* ''को–प्रोसेसिंग'' से अभिप्रेत है कच्चा माल या ऊर्जा स्त्रोत या प्राकृतिक खनिज स्त्रोत को बदलने अथवा पूरा करने के लिए दोनों के रूप में 1500 कैलोरी से अधिक कैलोरिफिक मान वाला नन–बायोग्रेडेबुल और नन–साईकिलेबुल ठोस अपशिष्ट और औधोगिक प्रकियाओं में फॉसिल फ्यूल्स का उपयोग;

*(xv)* ''विक्रेन्दीकृत प्रोसेसिंग'' से अभिप्रेत है बायो–डिग्रेडेबुल अपशिष्ट की प्रोसेसिंग तथा उत्पादन के नजदीकी स्त्रोत से रिसाईक्लेबल की वसूली, जिससे प्रोसेसिंग या निपटाव के

लिए अपशिष्ट का परिवहन कम किया जा सके, को अधिकाधिक करने के लिए फैलाई गई सुविधाओं की स्थापना;

*(xvi)* ''निपटान'' से अभिप्रेत ठोस अपशिष्ट के प्रासेंसिंग के बाद रिजेक्टस, सड़क की सफाई से अपशिष्ट तथा भूगर्म जल की सुरक्षा हेतु आवश्यक सावधानी से विनिर्दिष्ट स्वच्छता भूमि–भराव पर नालियों की सतह से सिल्ट का निपटान;

*(xvii)* ''घरेलू खतरनाक अपशिष्ट'' से अभिप्रेत है फेके गए पेन्ट ड्रम, कीटनाशक कैन, सी0 एफ0 एल0 बल्व, ट्यूब लाइट, समाप्त दवाईयाँ, टूटी मरकरी थर्मामीटर, उपयोग की गई बैटरी, निडिल, सिरिंज तथा संदूषित (कंटामिनेटेड) रूई (गाज) इत्यादि मकान की स्तर पर उत्पन्न ;

*(xviii)* ''डोर–टू–डोर संग्रहण'' से अभिप्रेत मकानों, दुकानों, वाणिज्यिक स्थापनाओं, कार्यालयों, संस्थागत या किसी अन्य आवासीय परिसरों और इसमें से अथवा हाउसिंग सोसाइटी, बहुमंजिली इमारतों या अपार्टमेंट, बड़े आवासीय, वाणिज्यिक या संस्थागत कम्प्लेक्स अथवा परिसर के प्रवेश द्वार से अपशिष्ट का संग्रहण शामिल है, के दरवाजे से ठोस अपशिष्ट का संग्रहण;

*(xix)* अनौपचारिक अपशिष्ट संग्राहक में ऐसे व्यक्ति संगठन या अपशिष्ट व्यवसायी जो रिसाईक्लेबल सामग्रियों को छाँटने, क्रय–विक्रय में लगे हो;

*(xx)* ''लिचेट'' से अभिप्रेत है कोई द्रव जो ठोस अपशिष्ट या अन्य माध्यम से रिस गया हो और इससे निष्कासित या आस्थगित किया गया हो;

*(xxi)* ''सामग्री प्राप्ति सुविधा'' (एम. आर. एफ.) से अभिप्रेत है कोई सुविधा जहाँ गैर–कंपोस्ट योग्य ठोस अपशिष्ट स्थानीय निकाय या उपविधि–2 में वर्णित किसी अन्य सत्ता द्वारा अस्थायी रूप से जमा किया जा सकता हो अथवा उपविधि–2 में वर्णित स्थानीय निकाय या सत्ता द्वारा लगाए प्रधिकृत अनौपचारिक अपशिष्ट पिकर्स सेक्टर, अनौपचारिक रिसाईकिलर्स अथवा किसी अन्य कार्यबल द्वारा, अपशिष्ट प्रोसेसिंग या निपटाव के लिए भेजे जाने या लेने के पूर्व प्रयोजन के लिए, ठोस अपशिष्ट के विभिन्न अवयवों से सुकर करने, पृथक्करण, छँटाई करने या रिसाईक्लेबलस की प्राप्ति हेतु कोई व्यक्ति अथवा उनमें से किसी के द्वारा प्राधिकृत ऐजेंसी;

*(xxii)* ''नगरपालिका प्राधिकार'' से अभिप्रेत है नगरपालिका बोर्ड द्वारा नगरपालिका क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन और कार्य करने के लिए प्राधिकृत शहरी स्थानीय निकाय और व्यक्ति;

*(xxiii)* ''नगरपालिका आयुक्त / कार्यपालक अधिकारी'' से अभिप्रेत है शहरी स्थानीय निकाय के मुख्य अधिकारी;

*(xxiv)* ''नगरपालिका ठोस अपशिष्ट'' में शामिल है वाणिज्यिक एवं आवसीय अपशिष्ट, स्वच्छता अपशिष्ट, वाणिज्यिक अपशिष्ट, औधोगिक अपशिष्ट, कैटरिंग और मार्केट अपशिष्ट तथा अन्य गैर–आवसीय अपशिष्ट, गली सफाई, नालियों की सतह से हटाया या संग्रह किया सिल्ट, बागवानी अपशिष्ट, ठोस या अर्धठोस के रूप में शहरी स्थानीय अपशिष्ट और इसमें खतरनाक औधोगिक अपशिष्ट, ई–अपशिष्ट तथा बैटरी अपशिष्ट शामिल नहीं है;

*(xxv)* ''पिलेट फार्मिंग'' से अभिप्रेत है पिलेट, छोटा घनाकार या सिलेंडर के रूप में टुकड़ा होगा, ठोस अपशिष्ट से बनाने के लिए उपयोग में लाई गई प्रक्रिया और इसमें कोई ईधन पिलेट भी शामिल होगा जो कूड़ा–कचड़ा से प्राप्त ईंधन के रूप में विनिर्दिष्ट है;

*(xxvi)* ''प्रसंसकरण (प्रोसेसिंग)'' से अभिप्रेत वह प्रक्रिया जिससे ठोस सामग्री नई या रिसाईकिल्ड उत्पाद में बदल जाती हो;

*(xxvii)* ''रिसाईकिलिंग'' से अभिप्रेत है वह प्रक्रिया जो छटनी की गई सामग्री को नए उत्पाद में बदल दे जो मूल उत्पाद के समान हो भी सकता अथवा नहीं भी हो सकता);

*(xxviii)* ''कचरा व्युत्पन्न ईंधन (आर.डी.एफ.)" से अभिप्रेत है। ठोस अपशिष्ट, जैसे प्लास्टिक, काष्ठ, लुगदी या कार्बनिक अपशिष्ट, क्लोरीनीकृत पदार्थों से भिन्न ठोस अपशिष्ट को सुखाकर कतरन, निर्जलीकरण और संहनन द्वारा गुटिका या राएं के कप में उत्पादित बाह्य अपशिष्ट प्रभाजी से व्युत्पन्न ईंधन अभिप्रेत है;

*(xxix)* ''अनुसूची'' से अभिप्रेत है इस उपविधि से संलग्न अनुसूची ;

*(xxx)* ''सेकेन्डरी स्टोरेज'' से अभिप्रेत है ठोस अपशिष्ट डिपो या एम. आर. एफ या डस्टबीन पर प्रोसेसिंग अथवा निपटाव के लिए अपशिष्ट के आगे परिवहन के लिए संग्रहण के बाद ठोस अपशिष्टों का अस्थायी समावेशन (कंटेनमेंट);

*(xxxi)* ''पृथक्करण'' से अभिप्रेत है विभिन्न ठोस अपशिष्टों का, यथा–कृषि एवं डेयरी अपशिष्ट सहित बायो–ग्रेडेबुल अपशिष्ट, रिसाईक्लेबल, नन–रिसाईक्लेबल दहनशील अपशिष्ट, स्वच्छता अपशिष्ट और नन–रिसाईक्लेबल इनर्ट अपशिष्ट, घरेलू खतरनाक अपशिष्ट तथा

निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्टों सहित नन–बायोग्रेडेबुल अपशिष्ट के विभिन्न अवयवों की छँटाई तथा पृथक भंडारण;

*(xxxii)* ''स्वास्थ्यप्रद भूमिभराव'' से अभिप्रेत है भूगर्भजल प्रदूषण, सतही जल और तथा उड़नेवाली वायूधूल, हवा से उड़ा कूड़ाकचरा दुर्गंध, आग–खतरा, पशु संकट, पक्षी संकट, कीट या कृतंक प्राणीगण ग्रीन हाउस उत्सर्जन, चिरस्थायी जैव प्रदूषक झुकाव की अस्थिरता, एक क्षरण के विरूद्ध सुरक्षात्मक उपायों के साथ डिजाईन की गई एक सुविधा के रूप में भूमि पर अवशिष्टों, ठोस अपशिष्ट तथा निष्क्रीय अपशिष्ट की अंतिम और सुरक्षित निपटाव;

*(xxxiii)* ''परिवहन'' से अभिप्रेत है दुर्गंध, कूड़ाकचरा और असुंदर दशा को रोकने हेतु विशेष रूप से डिजाईन किये गए और आच्छादित परिवहन प्रणाली के माध्यम से एक पर्यावरणीय ठोस रीति से एक स्थान से दूसरे स्थान पर उपचारित, अंशातः उपचारित अथवा अनुपचारित ठोस अपशिष्ट का परिवहन;

*(xxxiv)* ''शहरी स्थानीय निकाय'' शहरी क्षेत्र जो कि बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा–2 (66) के तहत निर्दिष्ट किया गया है।

*(xxxv)* ''वर्मी–कंपोस्ट'' केचुआ (अर्थवर्म) का उपयोग करके उर्वरक में अपशिष्ट के जैव अपघटन (बायो–डिगेडेशन की प्रकिया है;

*(xxxvi)* ''अपशिष्ट पिकर'' से अभिप्रेत है अपशिष्ट उत्पादन स्रोत, गली, बिन, सामग्री प्राप्ति सुविधा, प्रोसेसिंग, तथा अपशिष्ट निपटाव सुविधा से पुनः उपयोग करने योग्य रिसाईक्लेबल ठोस अपशिष्ट का संग्रहण एवं प्राप्ति में अपनी जीविका उपार्जन हेतु सीधे या बिचौलिए के माध्यम से रिसाईकिलर्स को विक्रय के लिए अनौपचारिक रूप से लगा हुआ कोई व्यक्ति या व्यक्ति समूह ;

*(xxxvii)* ''अपशिष्ट उत्पादक या'' अपशिष्ट उत्पन्नकर्ता'' से अभिप्रेत है नगरपालिका अपशिष्ट उत्पन्न करने वाले व्यक्ति, स्थापना या संस्था।

## अध्याय–II
## अपशिष्ट पृथक्करण।

**4. स्रोत पर ही ठोस अपशिष्ट का पृथक्करण और प्राथमिक भंडारण–**

(1) सभी अपशिष्ट उत्पादन के लिए यह आवश्यक होगा कि अपने स्थानों से नियमित रूप तीन स्ट्रीम आनेवाले ठोस अपशिष्ट को पृथक एवं भंडारण किया जाय, यथा–

(क) बायो–डिगेडेबुल अथवा गीला अपशिष्ट ;

(ख) नन–बायोडिग्रेडेबुल अथवा सूखा अपशिष्ट;

(ग) घरेलु खतरनाक अपशिष्ट;

(2) पृथक्कृत अपशिष्ट के भंडारण के लिए बीन का रंग बायो–डिग्रेडेबुल अपशिष्ट के लिए हरा, नन–बायोडिग्रेडेबुल अथवा सूखा अपशिष्ट के लिए नीला, अन्य अपशिष्ट के लिए काला होगा।

(3) निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट पृथकरूप से परिसर में जमा किया जाएगा। ऐसे उत्पादक जो प्रतिदिन 20 टन या उससे अधिक या प्रतिमाह प्रति प्रोजेक्ट 300 टन का उत्पादन करते है, अपशिष्ट को चार स्त्रोतों में जैसे– कंक्रीट, मिट्टी, लोहा स्टील, लकड़ी, प्लास्टिक, ईंट एवं गारा, पृथक्कृत करेंगे और उपशिष्ट प्रबंधन योजना समर्पित करेगे और निर्माण या विध्वंस या रिमोल्डलिंग कार्य आरंभ करने के पूर्व स्थानीय प्राधिकारी से समुचित अनुमोदन प्राप्त करेंगे और प्लानिंग चरण से कियान्वयन चरण से सुसंगत किया–कलापों की जानकारी संबंधित प्राधिकारियों को देंगे और यह प्रोजेक्ट से प्रोजेक्ट के आधार पर होगा। उत्पादक यह सुनिश्चित करेगा कि अन्य अपशिष्ट (यथा–ठोस अपशिष्ट) इस अपशिष्ट के साथ मिश्रित न हो और पृथक रूप से जमा किया और निपटाया जाय।

(4) परिसर से उत्पन्न उधान अपशिष्ट और बागवानी अपशिष्ट परिसर के भीतर ही पृथक्कृत किया जाएगा और जमा किया जाएगा तथा परिसर के भीतर कंपोस्ट किया जाएगा और नजदीकी नगरपालिका सुविधा को भेज दिया जाएगा।

(5) कोई बायो–चिकित्सा अपशिष्ट, ई–वेस्ट, खतरनाक रसायन और औधोगिक अपशिष्ट ठोस अपशिष्ट के साथ मिश्रित नहीं किया जाएगा। ऐसे अपशिष्ट पर्यावरण (सुरक्षा) अधिनियम, 1986 के अधीन बनाई गई संबद्ध नियमावली के अनुसार निपटाया जाएगा।

(6) अभिहित बधशाला एवं बाजार से अन्यथा किसी परिसर का प्रत्येक स्वामी / अधिभोगी, जो पॉल्ट्री, मछली, बद्य– अपशिष्ट, वाणिज्यिक कियाकलापों के परिणाम स्वरूप, उत्पन्न करता है, उसे बंद, स्वास्थ्यकर दशा में पृथकरूप से जमा करेगा और उसे प्रतिदिन के आधार पर इस प्रयोजनार्थ उपबंधित शहरी स्थानीय निकाय संग्रहण वाहन को विनिर्दिष्ट समय पर दे देगा।

(7) उपयोग किए गए सैनिटरी पैड और डाईपरों को, इन उत्पादों कविनिर्माता या ब्रांड स्वामियों द्वारा उपलब्ध किए गए पेपर या पाउच में या किसी अखबार में अथवा उपयुक्त

बायोडिग्रेडेबुल रैपिंग मैटेरिल में सुरक्षित रूप से लपेटा जाएगा और नन–बायोडिग्रेडेबुल अपशिष्ट या सूखा अपशिष्ट के लिए बने बीन में उसे रखा जाएगा।

(8) प्रत्येक स्ट्रीट भेंडर क्रियाकलाप के दौरान अपशिष्ट डिस्पोजेबुल प्लेट, कप, पात्र, रैपर, नारियल शेल, अपशिष्ट भोजन, सब्जी और फल इत्यादि जमा करने के लिए डस्टबीन में रखोगा और ऐसे अपशिष्ट को **नगर परिषद लखीसराय** द्वारा अभिहित डिपों या पात्रों या वाहन में जमा कर देगा।

(9) खुले स्थान में एक सौ से अधिक व्यक्तियों को जमा करने या कोई खेल समारोह आयोजित करने के लिए जिम्मेवार कोई भी व्यक्ति, जो प्लास्टिक या मल्टीलेयर पैकेजिंग में खाध सामग्री वितरित करेगा, उस समाहरों के दौरान उत्पन्न अपशिष्ट को पृथक्कृत और प्रबंधित करेगा। वह व्यक्ति खेल /समारोह की तिथि से तीन दिन पूर्व शहरी स्थानीय निकाय को सूचित करेगा, नगरपालिका से, तय किये गये राशि प्रतिदिन रेन्टल चार्ज देकर पृथक्कृत अपशिष्ट के भंडारण के लिए 1.1 घनमीटर के दो पात्रों को रखने हेतु अनुरोध करेगा। पृथक्कृत अपशिष्ट **नगर परिषद लखीसराय** द्वारा विनिर्दिश्ट अपशिष्ट संग्राहक/ऐजेंसी को हस्तगत कर दिया जाएगा।

(10) थोक अपशिष्ट उत्पादक **नगर परिषद लखीसराय** के समन्वय से, पृथक बीन में पृथक्कृत अपशिष्ट का स्रोत पृथक्करण, भंडारण सुनिश्चित करेगा और प्राधिकृत वेस्ट पिकर्स या प्राधिकृत रिसाईकिलर्स को रिसाईक्लेबल अपशिष्ट हस्तगत कर देगा। बायोडिग्रेडेबुल अपशिष्ट को परिसर के भीतर ही कंपोस्टिग या बायो–मेथानेशन द्वारा प्रंसस्कृत, उपचारित या निपटाव किया जाएगा। प्रोसेसिंग से प्राप्त अवशिष्ट को (रिजेक्ट्स) अपशिष्ट संग्राहक अथवा शहरी स्थानीय निकाय द्वारा अधिकृत एजेंसी हस्तगत कर दिया जाएगा। भूमि की अनुपलब्धता की दशा में थोक अपशिष्ट उत्पादक, शहरी स्थानीय निकाय द्वारा प्राधिकृत एजेंसी को ऐसा यूजर फीस देकर, जो शहरी स्थानीय निकाय द्वारा विहित की जाय, हस्तगत कर देंगे।

(11) अपशिष्ट उत्पादक शहरी स्थानीय निकाय अथवा शहरी स्थानीय निकाय द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति/एजेंसी/एन.जी.ओ. को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन क्रियाकलाप के लिए शहरी स्थानीय द्वारा यथा नियत माहवरी यूजर चार्ज का भुगतान करेंगे।

(12) अपशिष्ट गली/सड़क या सार्वजनिक स्थानों नालियों या पानी में छितराया, जलाया, दफनाया नहीं जाएगा। यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक सड़कों, सर्वाजनिक स्थानों या पार्कों, जल स्रोतों के नजदीकी या नीजी खुली जगहों पर कूड़ा–कचरा छितराते हुए पाया जाता है शहरी स्थानीय निकाय द्वारा प्राधिकृत अधिकारी या व्यक्ति इस उपविधि की अनुसूची–II के अनुसार अपराधी से शास्ति प्रभारित करेगा।

(13) उपविधि के प्रावधानों के सफल क्रियान्वयन के प्रयोजनार्थ, शहरी स्थानीय निकाय एस. एच. जी. के सदस्यों को लगाकर, वार्ड स्वच्छता समिति, गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों, स्वच्छता संविदाकर्त्ताओं और आम नागरिकों की भागीदारी द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली, 2016 के प्रावधानों के अनुसार ठोस अपशिष्ट के पृथक्करण, भंडारण एवं प्रबंधन को प्रोत्साहित करेगा।

(14) गहन जागरूकता अभियान, प्रिंट मिडिया, इलेक्ट्रोनिक मिडिया, होर्डिंग प्रदर्शन, हैंडबिल के वितरण, वाल पेंटिंग, रैली, प्रभात फैरी, विधालय छात्र प्रतियोगिता, वार्ड आदि में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से, चलाया जाएगा।

## अध्याय–III
## ठोस अपशिष्ट संग्रहण।

**5. अपशिष्ट का संग्रहण**– अपशिष्ट का प्रभावी संग्रहण प्रणाली का कियान्वयन गलियों में कूड़ा–कचरा छितराने को दूर करने हेतु, किया जाएगा। इस प्रयोजनार्थ, **नगर परिषद लखीसराय** निम्नलिखित करेगी :–

*(i)* ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली, 2016 समय–समय पर यथा संशोधित के अनुपालन में प्रत्येक घर से पृथक्कृत अपशिष्ट के संग्रहण के लिए नगरपालिका के सभी जोन, अंचल वार्ड में "सफाई दूत आपके द्वार" स्कीम लागू करना ;

*(ii)* ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली के अनुपालन में पृथक्कृत ठोस अपशिष्ट का डोर–टू–डोर कलेक्शन, स्लम, अनौपचारिक बंदोबस्ती सहित प्रत्येक घर से प्रतिदिन के आधार पर वर्तमान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली में अनौपचारिक अपशिष्ट संग्राहकों को जोड़कर कूड़ा–कचरा संग्रह करने हेतु शहरी स्थानीय निकाय के सभी क्षेत्रों या वार्डों में लागू किया जाएगा।

*(iii)* शहरी स्थानीय निकाय व्यवहारिक नियम के रूप में धनी आबादी वाले क्षेत्र 250 धरों, मध्यम आबादी वाले 200 घरों तथा बिखरे क्षेत्र में 125 घरों के लिए कम से कम एक ''सफाई दूत'' नियुक्त करेगा। तथापि शहरी स्थानीय निकाय नागरिकों के वर्ताव और आवश्यकता पर निर्भर करते हुए अधिक या कम संख्या में सफाई दूत नियुक्त कर सकेंगे। ये सफाई दूत पतली

गलियों तक पहुँचने के लिए एक पात्रयुक्त रिक्शा/ हाथ गाड़ी / ई–रिक्शा के नियुक्त किए जा सकेंगे।

*(iv)* आवश्यकता और स्थानीय हालत पर निर्भर करते हुए शहरी स्थानीय निकाय पृथक्कृत ठोस अपशिष्ट के डोर–टू–डोर संग्रहण और परिवहन के लिए उपकरण और वाहन का चयन एवं उपयोग करेगा।

*(v)* शहरी स्थानीय निकाय वाहनों, उपकरणों मानवशक्ति की संख्या निर्धारित करेगी जो ठोस अपशिष्ट के दक्ष संग्रहण के लिए प्रत्येक जोन / वार्ड को आबंटित किया जायगा तथा यह भी सुनिश्चित करेगा कि पृथक्कृत ठोस अपशिष्ट एक दूसरे में मिश्रित न हों।

*(vi)* प्रत्येक घर से कूड़ा संग्रह करने के लिए क्षेत्रवार समय तय और प्रकाशित किया जाएगा। सामान्य तथा घर से घर कूड़ा, संग्रह के लिए 6 बजे से 11 बजे का समय तय किया जाएगा। वाणिज्यिक क्षेत्रों व्यवसायिक स्थापनाओं दूकानों अथवा किसी अन्य संस्थागत अपशिष्ट उत्पादकों से कूड़ा के संग्रहण के लिए सामान्य रूप से समय 7 बजे से 12 बजे का होगा। तथापि शहरी स्थानीय निकाय अथवा आउटसोर्स की गई ऐजेंसी स्थानीय हालत और स्थिति के अनुसार अपशिष्ट संग्रहण का समय निश्चित कर सकेंगी।

*(vii)* किसी संग्राहक वाहन में एक विशेष घंटा / हार्न / सीटी (जिसकी आवाज अनुज्ञेय शोर से ज्यादा न हो) लगाना चाहिए जिससे कि नियत समय पर आवासी पृथक्कृत अपशिष्ट हस्तगत करने के लिए बाहर आ सकें।

*(viii)* सब्जी, फल, फूल, मांस, मछली पॉल्ट्री बाजार से अपशिष्ट को दैनिक आधार पर संग्रहण किया जाएगा।

*(ix)* उधान और बागवानी अपशिष्ट का संग्रहण एवं निपटाव पृथक रूप से किया जाएगा। सप्ताह में एक या दो दिन इस प्रयोजनार्थ विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

*(x)* प्राईवेट एवं सरकारी नर्सरी बीजांकुरण के लिए उपयोग किए गए सभी पॉलिबैग को एक स्थान पर जमा कर वैज्ञानिक पद्धति से प्रसंसीकरण करना सुनिश्चित करेंगे। अगर वे ऐसी व्यवस्था नहीं कर पाते हैं, तो शहरी स्थानीय निकाय को इस उपविधि की अनुसूची–I में यथा विहित यूजर फीस देकर हस्तगत कर सकेंगे।

*(xi)* फल और सब्जी बाजार, मांस और मछली बाजार, थोक उधान और बागवानी अपशिष्ट से बायोग्रेडेबुल अपशिष्ट के अधिकाधिक उपयोग और संग्रहण तथा परिवहन खर्च को कम करने के लिए ऐसे अपशिष्ट का प्रसंस्करण एवं उपचार उसी क्षेत्र के भीतर किया जाएगा जहाँ अपशिष्ट उत्पन्न होता है।

*(xii)* पात्रों में अपशिष्ट मानव द्वारा डालना प्रतिबंधित होगा। यदि बाधाओं के चलते अनिवार्य हो तो कर्मकारों की सुरक्षा के लिए सम्यक सावधानी के साथ उचित सुरक्षा के अधीन मानव शक्ति से क्रियान्वित किया जाएगा।

*(xiii)* शहरी स्थानीय निकाय, जो उचित समझे, यूजर फीस अधिसूचित करेगी और अपशिष्ट उत्पादकों से स्वयं या प्राधिकृत ऐजेंसी के माध्यम से फीस का संग्रहण करेंगी। शहरी स्थानीय निकाय की सुविधा के लिए, नगर विकास एवं आवास विभाग ने अपशिष्ट उत्पादकों की विभिन्न कोटियों के लिए सविस्तार युक्तियुक्त यूजर चार्ज तैयार किया गया है और उसे अनुसूची–I में विहित किया गया है। **नगर परिषद लखीसराय** संपत्ति कर के साथ अथवा पृथकरूप से, निर्वाचक बोर्ड द्वारा, जो निर्णय लिया गया हो, यूजर फीस का संग्रहण कर सकती है। यूजर फीस के लिए शहरी स्थानीय निकाय के मुद्रित रसीद का उपयोग किया जाएगा।

*(xiv)* यूजर चार्ज शहरी स्थानीय निकाय/आउटसोर्स ऐजेंसी द्वारा उचित रूप से विज्ञापित किए जाएंगे और इन्हें पात्रों वाले रिक्शे तथा ऑटोटीपर पर प्रदर्शित भी किए जाएंगे। ऐजेंसी के नाम भी पात्रों वाले रिक्शे तथा ऑटोटीपर पर लिखे जाएंगे।

*(xv)* शहरी स्थानीय निकाय अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत ऐजेंसी ठोस उपशिष्ट के डोर–टू–डोर संग्रहण या परिवहन को सुनिश्चित करने हेतु जिम्मेवार होगी।

**6. दैनिक गली–सफाई– नगर परिषद लखीसराय** शहर के प्रत्येक वार्ड में दैनिक सड़क सफाई के लिए व्यवस्था करेंगी। पर्याप्त संख्या में कर्मकार प्रत्येक सड़क पर लगाए जाएंगे। शहरी स्थानीय निकाय सड़क सफाई के लिए लगाए जाने वाले कर्मकारों की संख्या निर्धारित करेगी। एक पात्र वाला हाथ गाड़ी, लंबा हाथ वाला झाड़ू, लोहे का प्लेट तथा व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण सड़क सफाई के लिए लगाए प्रत्येक कर्मकार को उपलब्ध किया जाएगा। चौड़ी सड़कों के लिए यांत्रिक सफाई मशीन का उपयोग किया जा सकेगा। यांत्रिक सफाई द्वारा झाड़ूकश में होने वाले खर्च को कम किया जा सकता है, धूल और वायु प्रदूषण को कम करने एवं व्यावसायिक स्वास्थ्य खतरों से सफाई करने वालों को बचाने में मदद कर सकती है, बड़े नालियो में मलबे को कम कर सकती है तथा जोखिम और दुर्घटनाओं को कम कर

सकती है। शहरी स्थानीय निकाय यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी अपशिष्ट संग्रहण के बाद कर्मकार द्वारा जलाया न जाय।

## अध्याय–IV
## ठोस अपशिष्ट का सेकेन्डरी स्टोरेज।

7. **ठोस अपशिष्ट का सेकेन्डरी स्टोरेज–नगर परिषद लखीसराय**, जहाँ कहीं लागू हो वहाँ अपने से अथवा प्राधिकृत एजेंसी या ठीकेदारों के माध्यम से ठोस अपशिष्ट भंडारण सुविधाएँ स्थापित एवं संधारित करेगी कि वह उनके चारों तरफ अस्वास्थ्यपद/अस्वास्थ्यकर वातावरण सृजित न करें। भंडारण सुविधाएँ स्थापित एवं संधारित करते समय निम्नलिखित मानदंडों का पालन किया जाएगा–

*(i)* उत्पादित ठोस अपशिष्ट का विनिर्दिष्ट क्षेत्र में जनसंख्या के घनत्व का ध्यान रखते हुए सेकेन्डरी स्टोरेज सुविधाएँ स्थापित और संधारित की जाएंगी, किंतु दो भंडारण सुविधाओं के बीच कम से कम 500 मीटर की दूरी होगी। ऐसे स्थान पर पर्याप्त क्षमता के भंडारण पात्र अथवा बड़े आकार के कम्पैक्टर/ट्रांसफर स्टेशन के साथ भंडारण सुविधा होगी। समय के साथ शहरी स्थानीय निकाय शहर को कचरा कंटेनरों से मुक्त करने के लिए धीरे–धीरे ऐसे कंटेनरों को हटाने की कोशिश करेगा।

*(ii)* दरवाजे से संग्रह किया गया पृथक्कृत ठोस अपशिष्ट को ठोस भंडारण डिपो अथवा अपशिष्ट सुविधाओं अथवा स्टोरेज के लिए बने बीन तक ले जाया जाएगा और आवश्यकतानुसार आगे प्रोसेसिंग या निपटान सुविधा तक परिवहन किया जाएगा।

*(iii)* शहरी स्थानीय निकाय अथवा द्वारा किसी अन्य एजेंसी द्वारा स्टोरेज सुविधा का इस प्रकार डिजाईन किया जाएगा कि जमा किया गया कूड़ा–कचरा वातावरण में खुला न छोड़ा जाय, सौंदर्यपरक रूप से उपयोग कर्त्ताओं को ग्राह्य हो तथा कूड़ा–कचरा को केवल पात्र के भीतर ही रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

*(iv)* पृथक्कृत अपशिष्ट के सेकेन्डरी भंडारण के लिए शहरी स्थानीय निकाय उपयुक्त स्थानो पर विभिन्न रंगों के पात्र को निम्नवत् रखेगी :–

(क) हरा रंग का पात्र–बायो डिग्रेडेबुल अपशिष्ट/ गीला अपशिष्ट के लिए;

(ख) नीला रंगा का पात्र–रिसाइकिलेबुल अपशिष्ट/सूखा अपशिष्ट के लिए;

(ग) काला रंगा का पात्र–अन्य अपशिष्टों के लिए।

*(v)* प्रत्येक स्ट्रीट भेंडर अपने क्रियाकलाप के क्रम के दौरान उत्पादित अपशिष्ट, जैसे खाद्य अपशिष्ट, डिस्पोजेबुल प्लेट्स, कप, कैन, रैपर, नारियल खोल, छोड़ दिया गया भोजन, सब्जी, फल आदि के भंडरण के लिए उपयुक्त पात्र रखेगा और ऐसे अपशिष्ट को शहरी स्थानीय निकाय द्वारा अधिसूचित ठोस भंडारण डिपो या पात्र या वाहन पर जमा करेगा।

*(vi)* शहरी स्थानीय निकाय अथवा उसकी निविर्दिष्ट एजेंसी सभी बीन को, जब भी आवश्यक हो, को साफ और गैर संक्रमित करने का कार्य करेगी।

*(vii)* शहरी स्थानीय निकाय, आवश्यकतानुसार, मैटेरियल रिकवरी सुविधा, (एम.आर.एफ.), जो स्ट्रीट/डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण सेवा के माध्यम से प्राप्त सूखा अपशिष्ट के पृथक्करण के लिए उपयोग करेगी, के लिए निर्दिष्ट स्थल की स्थापना करेगी। पृथक्करण क्रियाकलापों में लगे अनौपचारिक वेस्ट पिकर्स/एस.एच.जी. सदस्यों को शामिल करने के लिए प्रावधान किए जाएंगे।

*(viii)* शहरी स्थानीय निकाय वेस्ट पिकर्स तथा कबाड़िवालों/रिसाईकिलर्स के द्वारा एम.आर.एफ. सुविधा से सीधे सूखा अपशिष्ट के संग्रहण के लिए प्रावधान भी करेगी।

*(ix)* शहरी स्थानीय निकाय अथवा शहरी स्थानीय निकाय द्वारा प्राधिकृत सोसाइटी, संगठन/व्यक्ति द्वारा उन व्यक्तियों; हाउसिंग सोसाइटीज, वाणिज्यिक स्थापनाओं और अन्य थोक अपशिष्ट उत्पादकों के विरुद्ध, जो सार्वजनिक सड़कों/गलियों पर अपशिष्ट नहीं फैलाने के प्रावधानों का उल्लंघन करते हों, कार्रवाई करेगी। नगरपालिका द्वारा मुद्रित रसीद पर व्यतिक्रमी/अपराधी से आर्थिक शास्ति वसूल की जाएगी।

*(x)* बूचर, मांस और मछली बाजार तथा सब्जी एवं फल बाजार से प्राप्त अपशिष्ट बायोडिग्रेडेबुल प्रकृति और उच्च कैलोरिक मूल्य के होते हैं इसलिए इस अपशिष्ट का प्रबंधन इस रीति से किया जाएगा कि उसका उपयोग ऊर्जा या मेथॉन गैस उत्पाद अथवा कंपोस्ट के लिए किया जा सके। इसे सुनिश्चित करने के लिए, व्यवसायी स्वयं अथवा उनका संगठन अपशिष्ट के प्रोसेसिंग और निपटाव के लिए स्वयं प्रबंधन करेंगे। बिना प्रोसेसिंग के सार्वजनिक सड़कों/गलियों/खुली जगहों पर अपशिष्ट फेंकना अवैध और दंडनीय अपराध माना जाएगा।

*(xi)* जैव चिकित्सा अपशिष्ट तथा औद्योगिक अपशिष्ट नगरपालिका ठोस अपशिष्ट एक साथ मिश्रित नहीं किया जाएगा और ऐसे अपशिष्ट का संग्रहण इस प्रयोजनार्थ पृथक रूप से विनिर्दिष्ट नियमों के अनुसार किया जाएगा।

*(xii)* निर्माण और विध्वंस द्वारा उत्पादित अपशिष्ट/मलवा पृथक रूप से संग्रहित किए जाएंगे और निचले क्षेत्र पर निपटाए जाएंगे और उनका पुनः उपयोग सड़क निर्माण इत्यादि निर्माण क्रियाकलाप के लिए किया जाएगा। प्राईवेट निर्माण/विध्वंस को अपशिष्ट का परिवहन अपने स्वयं के अधीन प्रबंधन के चिन्हित पर अथवा शहरी स्थानीय निकाय द्वारा प्राधिकृत संवेदक को विहित चार्ज देकर किया जाएगा। ऐसे प्राईवेट मलवा को सड़क अथवा सार्वजनिक स्थानों पर 5 दिनों के लिए फेंकना या जमा करना उल्लंघन माना जाएगा और अनुसूची–II में यथा विनिर्दिष्ट शासित व्यक्तियों से वसूल की जाएगी।

*(xiii)* अपशिष्ट (कूड़ा–कचरा या सूखी पत्तियाँ आदि) खुली हवा में नहीं जलाया जाएगा।

*(xiv)* कोई भी व्यक्ति अपने भवन, संस्थान या वाणिज्यिक स्थापना से अपशिष्ट जल, मटमैला जल विष्टा (नाईट सोएल) गोबर, मलमूत्र इत्यादि इस रीति से नहीं जमा करेगा या फेकेगा जो उसके सड़ाँध से वातावरण प्रदूषित और सार्वजनिक स्वास्थ्य को हानि कर सके अथवा यातायात बाधित कर सके जिसमें असफल होने पर लगने वाले चार्ज ऐसे अपशिष्ट फैलाने और अवैध कार्रवाई के लिए दायी होने के लिए स्थल पर उद्गृहित किया जाएगा।

*(xv)* मृत पशु किसी भी व्यक्ति द्वारा सड़क/सार्वजनिक स्थान पर नहीं रखे जाएंगे। शहरी स्थानीय निकाय को तुरंत सूचित किया जाएगा यदि कोई मृत पशु सड़क/सार्वजनिक स्थान पर पड़ा हुआ पाया जाता है। शहरी स्थानीय निकाय तुरंत पशु दाहगृह या उपयुक्त जगह में मृत पशु का निपटान करेगी। व्यक्तियों द्वारा सड़कों/सार्वजनिक स्थानों पर मृत पशुओं का फेंका जाना दंडनीय अपराध होगा। शहरी स्थानीय निकाय अथवा उसका प्राधिकृत व्यक्ति वैसे व्यक्तियों से स्थल पर ही चार्ज वसूल कर सकेगा।

## अध्याय–V

## ठोस अपशिष्ट का परिवहन।

**8. ठोस अपशिष्ट के परिवहन की व्यवस्था** :–ठोस अपशिष्ट के परिवहन के लिए प्रयुक्त वाहन सम्यक् रूप से बंद होने वाले होते हैं ताकि अपशिष्ट आमजनों को दिखाई न दे और अपशिष्ट परिवहन के दौरान सड़क पर कहीं भी न छितराए। अपशिष्ट परिवहन के दौरान निम्नलिखित मानक बनाए रखे जाएंगे :–

*(i)* प्रत्येक मकान, वाणिज्यिक स्थापना, सेकेन्डरी स्टोरेज कंटेनरों से संग्रहित अपशिष्ट का परिवहन प्रत्येक दिन नियमित अंतराल पर पृथक्कृत रीति से किया जाएगा ताकि कोई सेकेन्डरी स्टोरेज कंटेनर गिर न जाय और अपशिष्ट 24 घंटे से ज्यादा अस्थाई डम्पिंग स्थल पर पड़ा न रहे।

*(ii)* आवासीय और अन्य क्षेत्रों से संग्रहित पृथक्कृत बायोडिग्रेडेबुल अपशिष्ट ढँककर प्रोसेसिंग प्लांट, जैसे कंपोस्ट प्लांट, बायो–मेथॉनेशन प्लांट या ऐसी ही अन्य सुविधा तक अंतरित कर दिया जाएगा।

*(iii)* ट्वीन बीन डम्पर प्लेसर/कंपैक्टर वाहन का उपयेाग सेकेन्डरी स्टोरेज कंटेनरों को उठाने और ले जाने के लिए किया जाएगा। सेकेन्डरी स्टोरेज को ले जाते समय शहरी स्थानीय निकाय यह सुनिश्चित करेगी कि परिवहन के समय कंटेनर का ढ़क्कन बंद हो।

*(iv)* सभी वाहनों का नियमित संधारण या तो शहरी स्थानीय निकाय में अपने स्वयं के वर्कशाप में अथवा संधारण संविदा के माध्यम से सुनिश्चित करेगी।

*(v)* कम से कम 5% वाहन तैयार रखे जाएंगे किंतु ये तैयार वाहन का उपयोग भी स्टेशन के आधार पर किया जाएगा।

*(vi)* सभी वाहन परिवहन प्राधिकार से रजिस्ट्रीकृत होंगे और कम से कम तृतीय पक्ष के नुकसान के लिए बीमाकृत होंगे।

*(vii)* वाहन के प्रकार और क्षमता इस रूप में विनिश्चित होनी चाहिए कि वह आर्थिक और व्यावहारिक हो। प्रत्येक वाहनों का अधिकाधिक उपयोग किया जाएगा और प्रतिदिन इतनी संख्या ट्रिप के योग्य होंगे जितनी अपशिष्ट के परिवहन के लिए आवश्यक हो।

*(viii)* ऑटो ट्रिपर्स का उपयोग प्रोसेसिंग स्थल/अपशिष्ट निपटान स्थल तक कूड़ा–कचरा के परिवहन के लिए किया जाएगा यदि स्थल सेकेन्डरी स्टोरेज स्थल से 5 किलोमीटर से अधिक दूरी पर न हों।

*(ix)* शहरों में जहाँ अपशिष्ट जमीन पर डम्प किया जाता है और लोडर बैक हो स्कीड स्टियर लोडर का उपयोग अपशिष्ट को वाहन में लादने और अंतरित करने के लिए किया जाता हो वहाँ अपशिष्ट के परिवहन के लिए उपयुक्त क्षमता वाले ट्रिपर ट्रक का उपयोग किया जाएगा। भूमि से वाहन में अपशिष्ट को मानव द्वारा लादने का कार्य धीरे–धीरे रोक दिया जाएगा। अपरिहार्य परिस्थितियों में मानव द्वारा लादने का कार्य उचित सुरक्षा तथा व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पी.पी.ई.) के उपयोग के साथ किया जाएगा।

*(x)* शहरी स्थानीय निकाय, सेकेन्डरी परिवहन वाहनों की आवश्यकता, निर्धारित करेगी और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन क्रियाकलापों के सुचारू प्रचालन के लिए ऐसे वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी।

## अध्याय–VI
## ठोस अपशिष्ट का प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग)

**9. ठोस अपशिष्ट का प्रसंस्करणः**–नगरपालिका ठोस अपशिष्ट सामग्रियों, यथा–कंपोस्ट, ऊर्जा एवं ईंधन के उत्पादन के लिए एक अच्छा स्रोत है। नगरपालिका ठोस अपशिष्ट को उपयोगी सामग्री में बदलने के लिए विभिन्न तकनीक अपनाई जा सकती हैं। यह न केवल अपशिष्ट को मूल्यवान उत्पादों में बदलेगी बल्कि अपशिष्ट की मात्रा को भी कम करेगी जिसकी वैज्ञानिक रूप से निपटान के लिए आवश्यकता है–

*i.* **नगर परिषद लखीसराय** ठोस अपशिष्ट सुविधाएँ तथा सहयुक्त आधारभूत संरचना के लिए निर्माण, प्रचालन एवं संधारण को स्वयं किसी एजेंसी के माध्यम से उपयुक्त प्रौद्योगिकी, जैसे–ऐरोबिक कंपोस्टिंग, वर्मी कंपोस्टिंग, मैकेनिकल कंपोस्टिंग, बायो–मेथॉनेशन, वेस्ट टू इनर्जी अथवा सरकार द्वारा, समय समय पर, विहित अन्य अनुमोदित प्रक्रिया अपना कर ठोस अपशिष्ट के विभिन्न घटकों (कंपोनेन्ट्स) के अधिकाधिक उपयोग के लिए सुकर करेंगी।

*ii.* परिवहन खर्च तथा पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए विकेन्द्रीकृत प्रोसेसिंग, यथा–बायोमेथॉनेशन, माइक्रो बायल कंपोस्टिंग, वर्मी कंपोस्टिंग, एरोबिक डाईजेशन अथवा बायोडिग्रेडेबुल अपशिष्ट को बायो–स्टाईब्लाईजेशन के लिए किसी अन्य समुचित प्रोसेसिंग को प्राथमिकता दी जाएगी।

*iii.* नन–बायोडिग्रेडेबुल अपशिष्ट को विभिन्न स्ट्रीम जैसे–रिसाईक्लेबल, दहनीय, ईनर्ट इत्यादि के सॉर्टिंग और बेलिंग के लिए मैटेरियल रिकवरी सुविधाओं तक भेजा जाएगा। दहनीय तथा ईनर्ट अपशिष्ट सिमेंट किल्न में को–प्रोसेसिंग के लिए सिमेंट प्लांट भेजा जा सकेगा और रिसाईक्लेबल को सीधे रिसाईकिलिंग इकाई को वेस्ट पिकर्स या कबाड़ीवालों के माध्यम से भी भेजा जा सकता है।

*iv.* नन–बायोडिग्रेडेबुल अपशिष्ट, जिसे रिसाईकिल न किया जा सकता हो और 1500 के कैलोरी/किलोग्राम से अधिक कैलरिक मूल्य वाला हो, का उपयोग प्रोसेसिंग, अपशिष्ट के ज्वलनशील प्रयोग के लिए मल से निकाले गए ईंधन सहित वेस्ट टू इनर्जी प्रोसेस के लिए उपयोग किया जाएगा अथवा ठोस अपशिष्ट आधारित ऊर्जा प्लांट अथवा सिमेंट किल्न को फिडबैक के रूप में आपूर्ति भी की जा सकती है।

*v.* निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट का प्रसंस्करण निर्माण एवं विध्वंस ठोस प्रबंधन नियमावली के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

*vi.* ठोस अपशिष्ट के प्रोसेसिंग से इनर्ट वेस्ट तथा रिजेक्ट्स का निपटान सैनिटरी लैंडफील सुविधा में किया जाएगा। शहरी स्थानीय निकाय का उद्देश्य 10% से कम अपशिष्ट भूमि भराई के लिए भेजना होगा।

*vii.* शहरी स्थानीय निकाय यह सुनिश्चित करेगी कि रिसाइकिलेबुल्स, जैसे–कागज, प्लास्टिक, मेटल, शीशा, कपड़ा इत्यादि प्राधिकृत रिसाइकिलर्स के पास जाय।

*viii.* ईंधन का उपयोग करने वाली और मल से निकले ठोस अपशिष्ट आधारित ईंधन प्लांट से एक सौ किलोमीटर के भीतर अवस्थित सभी औद्योगिक इकाईयाँ अपनी ईंधन–आवश्यकता के कम से कम 5 प्रतिशत को, मल से इस प्रकार उत्पादित ईंधन से, प्रतिस्थापित करने की व्यवस्था करेंगे।

*ix.* **नगर परिषद लखीसराय** यह सुनिश्चित करेगी कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली, 2016 के प्रावधानों के अनुसार ठोस अपशिष्ट का प्रोसेसिंग आरंभ करते समय, जैसे ही आवश्यकता हो पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय/केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/राज्य पर्यावरण प्रभाव निर्धारण प्राधिकार से अपेक्षित कानूनी अनुमोदन/प्राधिकरण प्राप्त किया जाय।

## अध्याय–VII
## ठोस अपशिष्ट के निपटान

**10. ठोस अपशिष्ट के निपटान की व्यवस्था–**

(1) ठोस अपशिष्ट के प्रोसेसिंग के साथ नगरपालिका ठोस अपशिष्ट इनर्ट एवं रिजेक्ट्स का निपटान वैज्ञानिक रीति से स्वच्छ भूमि भराई सुविधा में किया जाएगा। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली, 2016 में विहित प्रावधानों के अनुसार भूमि भराई स्थल की पहचान की जाएगी।

(2) भूमि भराई स्थल न्यूनतम 20–25 वर्षों के लिए बड़े पैमाने पर होगा भूमि भराई के लिए बहुमूल्य भूमि की आवश्यकताओं को कम करने के लिए बायोडिग्रेडेबुल अपशिष्ट को

कंपोस्ट/ऊर्जा में बदल कर उपयोगी सामग्री के रिसाईकिलिंग द्वारा नगरपालिका अपशिष्ट कम करने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

(3) क्षेत्रीय स्वच्छ भूमि भराई सुविधा के माध्यम से नगरों एवं शहरों के एक ग्रुप क्रियान्वित किया जा सकेगा ताकि अपशिष्ट के अधिकतर मात्रा का निपटान व्यक्तिगत भूमि भराई स्थल की तुलना में भूमि के कम क्षेत्र पर हो सके। क्षेत्रीय भूमि भराई के स्थल से 50 किलोमीटर की दूरी के भीतर के शहर एक क्षेत्रीय भूमि भराई प्रबंधन सोसाइटी का निर्माण करेंगे। सोसाइटी का अध्यक्ष बड़ी जनसंख्या वाले शहर का मुख्य नगरपालिका पदाधिकारी होगा जबकि अन्य सदस्य शहर के मुख्य नगरपालिका पदाधिकारी सोसाईटी के सदस्य होंगे।

(4) भूमि भराई अथवा क्षेत्रीय भूमि भराई ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली, 2016 के अनुपालन में तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर सी.पी.एच.ई.ई.ओ. मैनुअल में विनिर्दिष्ट मानकों का पालन करते हुए विकसित किया जाएगा। भूमि भराई स्थल किसी प्रकार की नदी से 100 मीटर, तालाब से 200 मीटर, राजमार्ग, आवास स्थलों, सार्वजनिक पार्क तथा जलापूर्ति कुओं से 200 मीटर तथा किसी प्रकार के एयरपोर्ट या एयरबेस से 20 कि.मी. दूर हटकर होंगे। तथापि विशेष मामले में भूमि भराई स्थल, यथास्थिति, सिविल ऐवियेशन प्राधिकार/एयरपोर्ट/एयरबेस से 10 और 20 कि.मी. की दूरी के भीतर स्थापित किए जा सकेंगे। भूमि भराई स्थल, विगत 100 वर्षों से बाढ़ग्रस्त इलाके के रूप में अभिलिखित, कोस्टल रेगुलेशन जोन, वेट लैंड, क्रिटिकल हैबिटाट एरिया और संवेदनशील ईको फ्राजिल एरिया के भीतर अनुज्ञात नहीं किए जाएंगे।

(5) **नगर परिषद लखीसराय** नगरपालिका अपशिष्ट को नगरपालिका क्षेत्र के भीतर सड़क के किनारे या खाली भूमि पर डम्प नहीं करेगी। शहरी स्थानीय निकाय अथवा क्षेत्रीय भूमि भराव प्रबंधन सोसाइटी राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से और राज्य पर्यावरणी प्रभाव निर्धारण प्राधिकार से भूमि भराई स्थल अथवा क्षेत्रीय भूमि भराई स्थल के विकास के पूर्व आवश्यक अनापत्ति प्राप्त करेगी।

## अध्याय–VIII
## स्टेक होल्डरों का उत्तरदायित्व

**11. शहरी स्थानीय निकाय का उत्तरदायित्व–**

(1) **नगर परिषद लखीसराय**, सभी सार्वजनिक सड़कों, सार्वजनिक स्थानों कॉलोनियों स्लम क्षेत्रों, बाजारों, पर्यटक स्थलों, नदी किनारे के घाटों और अन्य जलाशयों, धार्मिक स्थलों, पार्क, दाह संस्कार स्थलों इत्यादि की दैनिक सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। शहरी स्थानीय निकाय इन स्थानों से संग्रहण किए गए कूड़ा–कचरे को नजदीकी कूड़ा–पात्र/अंतरण स्थल पर अंतरित करने के और बंद वाहन का उपयोग करके प्रतिदिन प्रोसेसिंग स्थल/निपटान स्थल तक उसका परिवहन करने के लिए वचनबद्ध होगी। शहरी स्थानीय निकाय यह सुनिश्चित करेगी कि शहर के सभी थोक अपशिष्ट उत्पादक स्रोत पर पृथक्करण और अपने परिसरों में बायोडिग्रेडेबुल अपशिष्ट का उपचार कर रहे हैं।

(2) **नगर परिषद लखीसराय** नगर/शहर को साफ करने हेतु अपनी क्षमता के अनुसार अपने मानवशक्ति (सफाई कर्मी एवं चालक) और वाहनों और उपकरणों का अधिकाधिक उपयोग करेगी। सफाई कर्मी डोर–टू–डोर संग्रहण, गली–सफाई, ब्रस कटिंग, और नाला–सफाई क्रियाकलाप सुनिश्चित करने के लिए पात्र–युक्त रिक्शा/पात्र–युक्त हाथ गाड़ी/ऑटो टीपर और आनुषांगिक उपकरणों के साथ वार्ड में नियोजित किए जाएंगे। शहरी स्थानीय निकाय अपनी अधिकारिता में अपना स्वयं के सफाई कर्मी लगाकर अथवा पारदर्शी बिडिंग प्रक्रिया के माध्यम से क्रियाकलाप के पूरे या उसके भाग का निजी ठीकेदार को आउटसोर्सिंग करके ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सुनिश्चित करेगी।

(3) शहरी स्थानीय निकाय और सेवा प्रदाय एजेंसी अपरॉन, मास्क, हैंड ग्लोवस और गम बूट तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा के सामान, एक यूनिफार्म एक नियत अंतराल पर प्रत्येक सफाई कर्मी को उपलब्ध करेगी। शहरी स्थानीय निकाय शहरी स्थानीय निकाय द्वारा नियोजित सभी सफाई कर्मियों का नियमित हेल्थ चेक–अप की व्यवस्था भी करेगी।

(4) नगर की पूर्ण दैनिक सफाई व्यवस्था का प्रबंध करने के लिए शहरी स्थानीय निकाय केन्द्रित रूप से शहरी स्थानीय निकाय के कार्यालय पर अथवा वार्ड पर या जोन/सर्किल के स्तर पर शिकायत निवारण सेल स्थापित करेगी। केन्द्रीय शिकायत निवारण केन्द्र के पास नागरिकों से शिकायत प्राप्त करने हेतु टोल फ्री नम्बर रखना होगा जिसे शहरी स्थानीय निकाय/आउटसोर्स की गई एजेंसी के प्रत्येक पात्र और वाहन पर प्रदर्शित किया जाएगा। टोल–फ्री नम्बरों को प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक के माध्यम से भी प्रकाशित किया जाएगा।

(5) शहरी स्थानीय निकाय अच्छी गुणवत्ता वाली प्रौद्योगिकी के पर्याप्त संख्या में अपेक्षित वाहनों एवं उपकरणों को उपाप्त करेगी। पुराने वाहनों और उपकरणों का नियमित संधारण सुनिश्चित

करेगी। जहाँ तक संभव हो, शहरी स्थानीय निकाय वाहनों का मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने हेतु वाहनों के संग्रहण के लिए लाईव और/या जी.पी.एस. ट्रैकिंग समर्थ करेगी।

(6) व्यावसायिक क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में लीटर बीन और पूजा स्थल, पार्क और बस स्टैंड जैसे सभी महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों को प्रदान किये जाएंगे। गीले अपशिष्ट और सूखे अपशिष्ट का निपटान करने के लिए प्रत्येक स्थान पर दो प्रकार के कूड़ेदान बीन उपलब्ध कराए जाएंगे।

(7) उपयुक्त आकार के पर्याप्त संख्या में कूड़ा पात्रों को उपयुक्त स्थानों पर रखेगी ताकि सड़क सफाई, डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण में लगे सफाई कर्मियों को सेवा क्षेत्रों में एक दिन में 2000 मीटर से ज्यादा चलना नहीं पड़े। कूड़ा पात्रों को हाथ से हैंडिल नहीं किया जाएगा और अपशिष्ट का परिवहन वाहनों, प्रोसेसिंग और निपटान स्थलों तक यांत्रिक रूप से किया जाएगा। समय बितने पर शहरी स्थानीय निकाय को बीन फ्री करने हेतु पात्रों को धीरे–धीरे हटाने का प्रयास करेगी।

(8) प्रोसेसिंग स्थल/अपशिष्ट निपटान स्थल तक अपशिष्ट के परिवहन के लिए शहरी स्थानीय निकाय द्वारा पर्याप्त संख्या में चालक और सहायक के साथ वाहन तैनात किए जाएंगे। सभी ऐसे वाहन चारों तरफ से आवश्यक रूप से आच्छादित होंगे

(9) उपयुक्त खाली जगहों का उपयोग अपशिष्ट सामग्रियों के पृथक्करण के लिए किया जाएगा। इन जगहों का उपयोग अंतरण स्थल के रूप में भी किया जाएगा। अंतरण स्थल आवासीय क्षेत्र में निर्मित/स्थापित नहीं किया जाएगा। इन स्थापनाओं द्वारा निपटान किया गया बायोडिग्रेडेबुल अपशिष्ट का परिवहन सेकेन्डरी स्टोरेज स्थल/अंतरण स्थल से अपशिष्ट प्रोसेसिंग/निपटान स्थल तक बंद वाहन का उपयोग करते हुए किया जाएगा। अपशिष्ट के परिवहन के दौरान वाहन से कूड़े का कोई छितराव नहीं होगा।

(10) नगरपालिका प्राधिकार प्रतिदिन कम से कम दो बार प्रत्येक मकान, दूकान, वाणिज्यिक स्थापना कार्यालय, संस्थान, होटल, रेस्तरॉ, हॉस्पीटल, नर्सिंग होम धार्मिक स्थान, अपार्टमेंट इत्यादि के दरवाजे से अपशिष्ट संग्रहण द्वारा, नगर को 'कंटेनर मुक्त शहर' करने के लिए सभी प्रयास करेगा।

(11) उपर्युक्त के अलावे **नगर परिषद लखीसराय** निम्नलिखित के लिए जिम्मेवार हैं :–

(क) स्लम, अनौपचारिक आवासीय क्षेत्र, वाणिज्यिक, औद्योगिक और अन्य गैर आवासीय परिसरों सहित सभी घरों से पृथक्कृत अपशिष्ट का डोर–टू–डोर संग्रहण करना;

(ख) मुख्य द्वार से अथवा बहुमंजिल भवनो, बड़े वाणिज्यिक स्थापनाओं, मॉल, आवासीय अपार्टमेंट में नन–बायोडिग्रेडेबुल अपशिष्ट के सिंगल बिंदु से अपशिष्ट का संग्रहण करना;

(ग) रैग पिकर्स/औपचारिक अपशिष्ट संग्राहक को प्राधिकृत करने के लिए प्रक्रिया स्थापित करना;

(घ) स्रोत पर अपशिष्ट के पृथक्करण और सार्वजनिक स्थानों न छितराने अथवा कहीं भी अपशिष्ट न जलाने के लिए निदेश अपशिष्ट उत्पादकों को जारी करना;

(ङ) स्थानों की पहचान करना और अपशिष्ट पृथक्करण और अपशिष्ट स्टोरेज के लिए सुविधा उपलब्ध करना जहाँ रैग पिकर्स और अपशिष्ट संग्रहणकर्त्ता रिसाइकिलेबुल अपशिष्ट, जैसे–कागज, प्लास्टिक, मेटल, शीशा इत्यादि को पृथक्कृत करेंगे।

